भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3242
12.07.2019 को उत्तर के लिए

आंध्र प्रदेश में हवाई अड्डों हेतु पर्यावरणीय मंजूरी

3242. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश में प्रस्तावित/चल रहे हवाई अड्डों के लिए पर्यावरणीय मंजूरी को स्वीकृति दी है;
(ख) यदि हां, तो हवाई अड्डा-वार तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ग) आंध्र प्रदेश राज्य में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एवं सीसी) द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन जारी की गई पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 में उल्लिखित प्रावधानों का अनुसरण करते हुए पर्यावरणीय सुरक्षा से संबंधित मानक निर्धारित करके विगत 3 वर्षों में पांच (5) हवाई अड्डा परियोजनाओं को पर्यावरणीय मंजूरियां प्रदान की गई है:-

I. दिनांक 6 मार्च, 2017 को मैसर्स भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पक्ष में ग्राम मदुरापुदी, जिला पूर्वी गोदावरी, आंध्र प्रदेश में राजमुन्द्री हवाई अड्डे पर रन-वे का विस्तार।

II. दिनांक 7 जून, 2017 को मैसर्स भोगपुरम अंतरर्राष्ट्रीय विमानपत्तन निगम लि. के पक्ष में ग्राम कन्नामदकला और पुदीचेरला, मंडल ओरावकल्लु, जिला कुरनूल, आंध्र प्रदेश में हरित क्षेत्र हवाई अड्डे का विकास।

III. दिनांक 7 जून, 2017 को मैसर्स भोगपूरम अंतरर्राष्ट्रीय विमानपत्तन निगम लि. के पक्ष में ग्राम दामवरम और केके गुंटा, मंडल दगदर्ती, जिला नेल्लूर, आंध्र प्रदेश में हरित क्षेत्र हवाई अड्डे का विकास।

IV. दिनांक 10 अगस्त, 2017 को मैसर्स भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पक्ष में तहसील गन्नावरम, जिला कृष्णा, आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा हवाई अड्डे पर रन-वे का विस्तार।

V. दिनांक 14 अगस्त, 2017 को मैसर्स भोगपुरम अंतरर्राष्ट्रीय विमानपत्तन निगम लि. के पक्ष में ग्राम भोगपुरम, जिला विजयानगरम, आंध्र प्रदेश में हरित क्षेत्र अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास।

****